श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/48/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2022-23/1647 दिनांक 31.03.2022

विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी 2022-23)

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना के आधार पर सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी), राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा हिंदी, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, उर्दू, असमिया, बंगाली, पंजाबी, ओड़िया और अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित आवेदन पत्र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in/. पर उपलब्ध है।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय *संस्कृत* विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा संचालित शास्त्री एवं बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने से संबंधित विस्तृत विवरण राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in/.पर उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमों में इस विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु उपलब्ध विषयों, स्थान तथा प्रवेश आर्हता निम्न प्रकार से है। अतः इस विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे शास्त्री (बी.ए.) तथा बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु, जिनका विवरण नीचे दर्शाया गया है, इच्छुक अभ्यर्थी एन.टी.ए. की वेबसाइट पर जा कर दी गई प्रक्रिया अपनाते हुए फार्म भरें व प्रवेश परीक्षा (CUET) में सम्मलित हों।

क्र0सं0	पाठ्यक्रम का नाम	विषय	निर्धारित स्थान	आर्हता
01	शास्त्री (बी.ए.)	वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, जैनदर्शन, मीमांसा अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त।	185	1. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से बारवीं (10+2) परीक्षा में 40 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण। 2. अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से अधिक नहीं हो।
02	बी.ए. योग	योग	50	1. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से बारवीं (10+2) परीक्षा में 40 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण। 2. अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से अधिक नहीं हो।
सीयूईटी यूजी के लिए आवेदन पत्र 2 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तक उपलब्ध रहेंगे।				

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय संयुक्त परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। तदुपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर ही उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

नोटः सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र/Helpline Number:+91-11-40759000, email: cuet-ug@nta.ac.in वेबसाइट/Website www.nta.ac.in, https://cuet.samarth.ac.in को देखें।

विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार इस विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/Helpline Number: 011-46060503/548/542